मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-350
02/10/2019

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बाहदुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें नमन किया गया

पटना, 02 अक्टूबर 2019 :– भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बाहदुर शास्त्री की जयंती आज राज्य में पूरे हर्ष एवं उल्लास के साथ मनायी गयी तथा उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

पटना में राजकीय जयंती समारोह का आयोजन शास्त्रीनगर पार्क में आयोजित किया गया। राज्यपाल श्री फागू चौहान, मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन वर्मा, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधी जी, विधान पार्षद श्री रणवीर नंदन, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने स्व0 लाल बहादुर शास्त्री के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा आरती–पूजन एवं देश भक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

******